Annexure-F

प्रेषिका,

मंजू कुमारी,
अपर सिविल जज (सी0 डी0) -9
गाज़ियाबाद।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
गाज़ियाबाद।

संदर्भ- माननीय मुख्य न्यायमूर्ति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से व्यक्तिगत रूप से मिलने हेतु समय अनुज्ञात करने के संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि अभी हाल में माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति, गाज़ियाबाद, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद का गाज़ियाबाद दौरा हो चुका है। अतः उनसे मिलने के लिये जो आवेदन मैंने दिनांक-07/03/2020 को भेजा है, उसे मैं not press करती हूँ, इसलिए कृपया उसे निरस्त करने की कृपा करें तथा मुझे माननीय मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से मिलने हेतु समय देने की कृपा करें, क्योंकि पिछले लगभग एक साल से गाज़ियाबाद के जिला जज महोदय मुझे बुला कर कई बार डराते रहे हैं कि वे इलाहाबाद गये थे और जब भी वे मुख्य न्यायमूर्ति महोदय से मिले तो मुख्य न्यायमूर्ति महोदय ने उनसे मेरी कई शिकायतें कि परन्तु मैंने सब दबवा दिया है और आपको बचा लिया परन्तु यह बात किसी से मत कहना क्योंकि यह बहुत गोपनीय बात है। ऐसे ही बात वे माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति, गाज़ियाबाद के संबंध में भी बोलते रहे हैं।

जबकि मेरी 6 वर्ष एवं 8 माह (वर्तमान में) से अधिक की न्यायिक सेवा में आज तक कभी किसी ने मेरी कोई शिकायत माननीय मुख्य न्यायमूर्ति को नहीं प्रेषित किया है और न ही कभी मुझसे न्यायमूर्ति महोदय द्वारा किसी शिकायत पर कोई जवाब मांगा गया है। यदि किसी ने कभी माननीय मुख्य न्यायमूर्ति को मेरी शिकायत प्रेषित की होती तो मेरा स्पष्टीकरण अवश्य मांगा गया होता।

इस प्रकार जिला जज गाज़ियाबाद, महोदय द्वारा मुझे मुख्य न्यायमूर्ति महोदय का नाम लेकर पिछले एक साल से न जाने किस मंशा से डराया जाता रहा है, जिससे मुझे लगातार घोर मानसिक तनाव और कष्ट हो रहा है।

अतः कृपया मुझे माननीय मुख्य न्यायमूर्ति महोदय से व्यक्तिगत रूप से अपनी बात कहने के लिए समय अनुज्ञात करने की कृपा करें।

प्रार्थिनी आपकी सदा आभारी रहेगी।

सादर।

भवदीया,
[signature] 13/3/2020
(मंजू कुमारी),
अपर सिविल जज (सी0 डी0) -9
गाज़ियाबाद।

दिनांक- **13/03/2020**

Sir,
The Ld officer, Smt Manju Kumari had already sent a request for meeting with Hon'ble A-J. in post visit, since Hon'ble A.J. had visited the judgeship on 5-3-2020, but request was sent by Ld officer on 7.3.2020. I have already forwarded Ld Officer's request for meeting Hon'ble A-J.

[signature]
(District Judge)
District Judge
Ghaziabad

पत्रांक संख्या 1337/XV दिनांक : 17-03-2020
अग्रसारित,

श्रीमान महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

[signature] 17-3-2020
जनपद न्यायाधीश,
गाज़ियाबाद।
District Judge
Ghaziabad
17/3/2020

Scanned with CamScanner